अखिल बिस्व यह मोर उपाया । सब पर मोहि बराबरि दाया ।।
सब मम प्रिय सब मम उपजाए । सब ते अधिक मनुज मोहि भाए ।।

सांध्य दैनिक | Ram Katha 940 - मानस वसुधैवकुटुम्बकम || New Yark(UNO) अमेरिका || *मोरारी बापू

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 21 | इंदौर, शुक्रवार 02 अगस्त, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

# केदारनाथ में फंसे शिवपुरी के 61 श्रद्धालु

## हेलीकॉप्टर से रेस्क्यू कर 51 रुद्रप्रयाग लाए गए, बाकी केदारनाथ में सुरक्षित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल**। केदारनाथ की धार्मिक यात्रा पर गए शिवपुरी जिले के बदरवास कस्बे के 61 यात्री बादल फटने के बाद फंस गए। जानकारी मिलने के बाद मप्र और उत्तराखंड की सरकारें सक्रिय हुईं और हेलीकॉप्टर के जरिए श्रृद्धालुओं को रेस्क्यू किया गया।

### हेलीकॉप्टर से कराया रेस्क्यू

सीएम डॉ मोहन यादव ने देर रात ट्वीट कर जानकारी दी। सीएम ने अपने ट्वीट में लिखा-चारधाम की यात्रा के दौरान केदारनाथ में फंसे म.प्र. के 61 यात्रियों में से 51 यात्रियों को आज एयरलिफ्ट कर सुरक्षित रुद्रप्रयाग पहुंचाया गया है। बाकी 10 यात्री केदारनाथ में ही सुरक्षित स्थान पर हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि शिवपुरी के बदरवास क्षेत्र के कुल 61 लोग एक बस तथा अन्य चार पहिया वाहन लेकर केदारनाथ दर्शन के लिए गए थे, जो भूस्खलन के कारण वहां फंस गए। राज्य सरकार ने उत्तराखंड सरकार से संपर्क कर उन्हें एयरलिफ्ट कराया और 51 यात्रियों को हेलीकॉप्टर से रेस्क्यू कर रुद्रप्रयाग पहुंचाया गया हैं। शेष यात्री केदारनाथ क्षेत्र में ही हैं और सुरक्षित है। राज्य सरकार उत्तराखंड सरकार के सतत संपर्क में है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार का प्रयास है कि किसी यात्री को कोई कष्ट न हो। हमारी धार्मिक यात्रा के दौरान वर्षाजनित कठिनाइयों के कारण यह घटना हुई है। सभी यात्री कुशलता से हैं।



## एक बाइक का अंतिम संस्कार

# श्मशान घाट पर जली अनोखी चिता, लकड़ी-कंडों के बीच रखकर फूंकी मोटरसाइकिल



**सीहोर. मध्य प्रदेश के सीहोर जिले में अजीबो गरीब मामला सामने आया है. शमशान घाट में मृत शरीर की चिता जलाने वाली जगह एक मोटरसाइकिल का अंतिम संस्कार किया गया. अज्ञात लोगों ने बाइक को लकड़ी और कंडे के बीच रखकर आग के हवाले कर दिया. अब श्मशान में जली हुई बाइक का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है.**

सीहोर जिले स्थित इछावर क्षेत्र के दिवड़िया मार्ग का यह अजीब मामला अब चर्चा का विषय बन गया है. मार्ग के शमशान घाट में चिता जलाने वाली जगह पर बाइक का अंतिम संस्कार किया गया. अज्ञात लोगों ने लकड़ी और कंडों की चिता सजाकर बाइक को आग लगा दी. मामले का पता चलते ही लोगों की भीड़ जमा हो गई. अंतिम संस्कार वाली जगह जली हुई खड़ी बाइक का वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. स्थानीय लोगों के अनुसार, ऐसी घटना को वाहन चोरों ने अंजाम दिया होगा. श्मशान घाट में असामजिक तत्वों का यहां जमावड़ा रहता है. घाट में चीता जलाने वाली जगह बाइक का अंतिम संस्कार किए जाने का अजीब मामला पुलिस अधिकारियों के संज्ञान में भी आया है. मामले में इछावर थाना प्रभारी बृजेश कुमार ने aajtak को फोन कॉल पर बताया कि मीडिया के माध्यम से मामला संज्ञान में आया है, लेकिन अभी तक इसमें किसी ने कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई है. कुछ शिकायत आती है तो पुलिस कार्रवाई करेगी.

# गणपति घाट : टक्कर के बाद तीन वाहनों में लगी आग, तीन घायल



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**धार**। धार जिले के मुंबई आगरा फोरलेन के गणपति घाट पर एक बार फिर भीषण दुर्घटना के बाद वाहनों में आग लग गई। ब्रेक फेल होने से ट्राला आगे चल रही कार को टक्कर मारता हुआ सड़क किनारे खड़े एक दुर्घटनाग्रस्त वाहन में घुसा। इसके बाद तीनों वाहनों में भीषण आग लग गई और ट्राला चालक सहित तीन व्यक्ति घायल हो गए। घटना देर रात लगभग एक बजे की बताई जा रही है। सूचना के बाद तत्काल धामनोद थाना पुलिस और दमकल वाहन मौके पर पहुंचा और आग बुझाने के प्रयास शुरू किए गए। लगभग तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। बता दें कि गणपति घाट पर लगातार हादसे सामने आ रहे हैं, घाट में अत्यधिक ढलान के कारण अभी तक लगभग 400 लोगों की मौत हो चुकी है।

# कहां गए 25 गधे? ढूंढने निकली पुलिस की विशेष टीम, दो दिन से खंगाल रही सीसीटीवी कैमरे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा। देशभर में एक समय यूपी के दबंग नेता आज़म खान की भैंस चोरी होने पर यूपी पुलिस के भैंस को ढूंढने की खबर मीडिया की सुर्खियां बनी थीं। तो वहीं अब मध्य प्रदेश के बुरहानपुर जिले की पुलिस भी स्थानीय प्रजापति समाज के गुम हुए गधों को ढूंढने निकली हुई है। दरअसल पूरा मामला बीते 25 तारीख से चल रहा है, जब अचानक पांच गधा मालिकों के करीब 25 गधे शहर से लापता हो गए। इसके बाद से ही अपने गधों के चोरी हो जाने के अंदेशे को लेकर ये गधा मलिक गधों के चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराने के चलते पुलिस थाने के चक्कर काट रहे थे। यहां पर सुनवाई नहीं होने के बाद ये सभी स्थानीय जिला प्रशासन के अधिकारियों से भी मिले थे। उसके बाद अब नगर के शिकारपुरा थाने में मामला दर्ज कर गुंडे-बदमाशों को तलाशने वाली पुलिस सीसीटीवी कैमरों में गधों को तलाश रही है।**



बुरहानपुर नगर में बीते गुरुवार 25 तारीख को शहर से करीब 25 गधे अचानक लापता हो गए। शहर के पांच गधा मालिकों के यह गधे देर रात चरने के लिए छोड़े गए थे। इसके बाद सुबह जब गधा मलिक इन्हें ढूंढने निकले, तब पूरे शहर में गधे कहीं दिखाई नहीं दिए। इसको लेकर यह सभी गधे मलिक अपने गधों के चोरी हो जाने की रिपोर्ट दर्ज कराने शहर के शिकारपुरा और कोतवाली थाने के चक्कर काटते रहे। यहां से सुनवाई नहीं होने के बाद मंगलवार को यह सभी जिला कलेक्टर के कार्यालय में चल रही जनसुनवाई में पहुंचे थे। यहां से इन्हें कार्रवाई का आश्वासन दिया गया था, जिसके बाद इन गधा मालिकों को स्थानीय शिकारपुरा थाने बुलवाया गया था।



# भाजपाई ने पुलिस वाले सर की क्लास में मनाया मासूम का जन्मदिन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। पर्यावरण प्रेमी और हमेशा हर वर्ग की सहायता के तत्पर रहने वाले भाजपा नेता ने अपनी मासूम बालिका का दूसरा जन्मदिन सेवा कार्य कर और पौधारोपण कर मनाते हुए इस दिन को यादगार बना दिया।**

लालबाग बस्ती में पुलिस वाले सर की क्लास में जाकर भाजपा अंत्योदय प्रकोष्ठ इंदौर नगर सोशल मीडिया प्रभारी सनी ठाकुर ने अपने परिजनों के साथ जाकर अपनी मासूम बालिका अर्निका ठाकुर का जन्मदिन बच्चों के बीच उत्साह के साथ मनाया। भारतीय संस्कृति का स्मरण करते हुए उन्होंने मासूम न केक न कटवाकर बस्ती के बच्चों के बीच मिठाई, बिस्किट, चाकलेट और अन्य सामग्री वितरित की। इस दौरान पुलिस वाले सर संजय सांवरे ने भी सभी बच्चों के साथ दो साल मासूम बालिका को शुभकामनाएं दी।

## जुलाई में 10.58 फीसदी ज्यादा बिजली आपूर्ति

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र कंपनी ने जुलाई 2024 में गत वर्ष जुलाई माह की तुलना में 10.58 प्रतिशत ज्यादा बिजली आपूर्ति की है। इस वर्ष जुलाई में 217 करोड़ 67लाख यूनिट बिजली आपूर्ति हुई है, गत जुलाई में 196 करोड़ 85 लाख यूनिट थी। ऊर्जामंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के निर्देशानुसार आपूर्ति संबंधी फीडबैक भी लिया जा रहा हैं। पश्चिम क्षेत्र कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री अमित तोमर ने बताया कि सबसे ज्यादा मांग औसत रूप से इंदौर शहर व इंदौर ग्रामीण वृत्त के अधीन दर्ज हुई, यहां करीब 14 प्रतिशत वृद्धि रही। इस वर्ष जुलाई में कंपनी की अधिकतम मांग 3750 मैगावाट दर्ज हुई, गत वर्ष जुलाई में अधिकतम मांग 3500 मैगावाट रही थी। प्रबंध निदेशक श्री तोमर ने बताया कि इस वर्ष 1 अप्रैल से जुलाई अंत तक कंपनी क्षेत्र में 1 हजार करोड़ यूनिट बिजली वितरित हुई है, गत वर्ष समान अवधि में 898 करोड़ यूनिट बिजली वितरित हुई थी।

## विद्युत वितरण केन्द्र एवं जोन स्तर पर जनसुनवाई

इंदौर। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के आदेशानुसार पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी में वितरण केन्द्र/जोन कार्यालय स्तर तक के पर जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई में संबंधित कार्यालय प्रमुख उपस्थित रहे और उपभोक्ताओं की समस्या का निराकरण किया । इंदौर शहर और इंदौर ग्रामीण सर्कल क्षेत्र में सभी 68 जोन, वितरण केंद्रों पर सुनवाई हुई। सभी शिकायतों का लेखा जोखा पोर्टल पर संधारित कर निराकरण का मासिक प्रतिवेदन राज्य सरकार को उपलब्ध कराया जाएगा।

## कटाक्ष




# इंदौर से खजुराहो और उज्जैन की सीधी उड़ान बंद

**फ्लायओला के अधिकारी बोले- अभी दो ही शहरों के लिए फ्लाइट**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर से खजुराहो के लिए पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा के तहत पिछले हफ्ते शुरू हुई सीधी उड़ान अब बंद हो गई है। पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा के तहत फ्लाइटों का संचालन करने वाली फ्लाय ओला ने इंदौर से अपनी अधिकांश फ्लाइट का संचालन बंद कर दिया है। इसका खुलासा हाल ही में जारी हुए नए शेड्यूल में हुआ है। पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा के तहत फ्लाय ओला कंपनी अब सिर्फ इंदौर से जबलपुर और भोपाल के लिए ही फ्लाइट का संचालन कर रही है। वह भी सिर्फ हफ्ते में एक दिन सोमवार को।

इंदौर से खजुराहो और उज्जैन के लिए संचालन बंद करने पर कंपनी के अधिकारियों का कहना है कि नए शेड्यूल के हिसाब से कंपनी की वेबसाइट पर बुकिंग ली जा रही है। वहीं जहां की बुकिंग वेबसाइट पर शो नहीं हो रही है वहां की फ्लाइट अभी बंद है।

उज्जैन को लेकर अधिकारियों का कहना है कि उज्जैन बहुत ही छोटा है। इंदौर से उज्जैन में हमें काफी तकनीकी समस्या हो रही थी इसलिए अभी वहां की फ्लाइट बंद की है। संभवतः 15 अगस्त के बाद इंदौर से उज्जैन की फ्लाइट दोबारा शुरू हो सकती है।

### इंदौर से सिर्फ एक दिन उड़ान

इंदौर से उड़ानों का संचालन कर रही फ्लाय ओला कंपनी की वेबसाइट और जारी अगस्त माह के शेड्यूल के अनुसार कंपनी इंदौर से सिर्फ सोमवार को उड़ान का संचालन करेगी। बाकी दिन इंदौर से कोई उड़ान का संचालन नहीं होगा।

कंपनी इस उड़ान का संचालन नॉन शेड्यूल उड़ान (चार्टर्ड उड़ान) के रूप में कर रही है, जिसके लिए 6 सीटर विमान का उपयोग किया जा रहा था। वहीं एयरपोर्ट अधिकारियों ने बताया कि शुरूआत में इस सेवा का संचालन इंदौर से सप्ताह में चार दिन होता था।

### 4 जगह के लिए शुरू हुई थी उड़ान, अब 2 ही बची

पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा के तहत फ्लायओला कंपनी ने शुरूआत में इंदौर से सीधी उड़ानें उज्जैन, भोपाल और जबलपुर के लिए शुरू की थी। वहीं पिछले हफ्ते खजुराहो के लिए भी शुरू की थी। कुल मिलाकर इंदौर से कंपनी 4 शहरों के लिए उड़ान शुरू की थी। लेकिन अब यह दो जगहों भोपाल और जबलपुर के लिए ही बची है। दो अन्य शहरों उज्जैन और खजुराहो के लिए उड़ान बंद हो गई है।

### 15 अगस्त के बाद की बुकिंग बंद

फ्लाय ओला कंपनी ने अपनी वेबसाइट पर 1 से 15 अगस्त तक की उड़ानों की बुकिंग को खोलने के साथ ही एक नया संदेश प्रसारित करना भी शुरू किया है। जिसमें बताया जा रहा है कि 16 अगस्त और उसके बाद की उड़ानों की बुकिंग 12 अगस्त से खोली जाएगी। वहीं कंपनी ने बुकिंग पर 1 महीने तक डिस्काउंट को 35 प्रतिशत कर दिया है। शुरूआत में यह डिस्काउंट 50 प्रतिशत था।

### 15 अगस्त तक इंदौर से चलने वाली सभी उड़ानों की सीटें खाली

कंपनी अपनी उड़ानों का संचालन 6 सीटर विमान के साथ कर रही है। कंपनी की वेबसाइट के मुताबिक ही आज यानी 1 जुलाई से 15 अगस्त के बीच कंपनी इंदौर से भोपाल और जबलपुर के लिए 5 अगस्त और 15 अगस्त को एक-एक उड़ानों का संचालन करने वाली है. इन उड़ानों में सभी सीटें खाली हैं। यानी कंपनी को इंदौर से किसी भी मार्ग पर अभी तक यात्री नहीं मिल पाए हैं। एयरपोर्ट सूत्रों का कहना है कि कंपनी के 6 सीटर विमान इंदौर से अधिकांश समय खाली चल रहे है। इसके कारण अक्सर कंपनी अपनी उड़ानों को भी निरस्त कर रही है।

# तीन दिनों में डेंगू के 25 मरीज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। तीन दिनों में डेंगू के 25 मरीज मिले हैं। इनमें भंवरकुआ, भोलाराम, टॉवर चौराहा क्षेत्र में 8 मरीज पाए गए हैं। इसके अलावा मूसाखेड़ी, बाणगंगा, विजय नगर सहित अन्य क्षेत्रों में पाए गए हैं। इससे अब चिंता बढ़ने लगी है। हालांकि ये सभी मरीज ठीक हैं। दरअसल बारिश के मौसम में घरों, परिसरों और आसपास पानी का भराव, गंदगी के कारण डेंगू के मच्छर पनप रहे हैं। मलेरिया विभाग द्वारा जिन इलाकों में मरीज निकल रहे हैं उन क्षेत्रों में सैंपल लेकर लार्वा नष्ट किया जा रहा है।

25 जुलाई को डेंगू के 7 मरीज मिले थे। इसके 28 जुलाई तक स्थिति सामान्य थी। इसके बाद 29 जुलाई को 8, 30 जुलाई को 9 और 31 जुलाई को 8 मरीज पाए गए। इस तरह कुल 25 मरीज पाए गए हैं। जिला मलेरिया अधिकारी दौलत पटेल बताया कि डेंगू एडीज इजिप्टी (मादा मच्छर) के काटने से फैलता है। यह बुखार मच्छरों द्वारा फैलाई जाने वाली बीमारी है। यह स्थिति तब बनती है घरों में या आसपास एक ही स्थान पर बहुत दिनों से पानी जमा हो। जैसे कूलर, वॉश एरिया, सिंक, गमलों आदि भी कई बार पानी जमा रहता है जो डेंगू का कारक बनता है।

एडीज मच्छर पानी जमाव होने की स्थिति में सक्रिय हो जाते हैं। इन मच्छरों की प्रकृति यह है कि ये दिन में ही काटते हैं।

फिर कुछ समय बाद इसकी चपेट में आए लोगों को तेज बुखार, शरीर पर लाल चकते पड़ना, सिर, हाथ-पैर और बदन में तेज दर्द, भूख न लगना, उल्टी-दस्त, गले में खराश, पेट में दर्द और लीवर में सूजन आदि लक्षण दिखते हैं।

ऐसे में संबंधित व्यक्ति को तुरंत डॉक्टरों को दिखाना चाहिए। इसके बाद ब्लड टेस्ट में इसकी जांच होती है जिसमें पुष्टि होती है कि उसे डेंगू है या दूसरी बीमारी।

## मौसमी बीमारियों का असर : इंदौर के अस्पतालों में 30 प्रतिशत से अधिक बढ़े मरीज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। वर्तमान में मौसम परिवर्तन के कारण बीमारियां काफी तेजी से बढ़ रही हैं। दूषित खानपान और मच्छरजनित बीमारियों के मरीज बड़ी संख्या में अस्पताल पहुंच रहे हैं। इन दिनों शासकीय और निजी अस्पतालों में लंबी कतार लग रही है। टायफाइड, पीलिया, उल्टी-दस्त, बुखार आदि के मरीजों की संख्या 30 प्रतिशत से अधिक बढ़ गई है। एमवाय अस्पताल ओपीडी के मेडिसिन विभाग में जहां 10 जुलाई को 190 मरीज इलाज के लिए पहुंचे थे, यह संख्या 20 जुलाई को बढ़कर 442 हो गई है। इसके बाद से ही यहां 300 से अधिक मरीज रोजाना आ रहे हैं। इनमें इंदौर सहित संभागभर के मरीज शामिल हैं।

### ऐसे करें बचाव

बारिश में पानी उबालकर पीएं। सब्जियां अच्छे से धोने के बाद उपयोग में लें। बारिश में बाहर के खानपान से बचें। बारिश के दिनों में ताजा खाना खाएं। घर के आसपास पानी एकत्र न होने दें।

मौसम परिवर्तन के कारण अस्पतालों में मरीजों की संख्या बढ़ रही है। क्योंकि वर्षा नहीं होने से उमस हो रही है। हम जागरूक रहकर इन बीमारियों से बचाव कर सकते हैं। हमें खानपान का विशेष तौर पर ध्यान रखने की आवश्यकता है।

-डॉ. संजय दुबे, एमडी मेडिसिन

# जिला पंचायत सीईओ सिद्धार्थ जैन का एक जिले में दो कानून

## मंत्री के क्षेत्र में कार्रवाई देपालपुर जनपद पंचायत पर मेहरबानी

**DGR @ श्री राम बारोड**

**देपालपुर।** मामला जनपद पंचायत देपालपुर का कर्मचारी एवं अधिकारी मंगलवार को जनसुनवाई के दिन 10:30 बजे तक अपने ऑफिस नहीं पहुंचे थे देपालपुर प्रेस क्लब की टीम ने जमीनी हकीकत जानी और ख़बर को प्रमुखता से प्रकाशित किया और उच्च अधिकारियों तक बात भी पहुंचाई लेकिन इंदौर जिला पंचायत में बैठे हैं सिद्धार्थ जैन शायद अब तक कुंभकरण की नींद सोए हैं जिन्होंने इंदौर जिले के सांवेर तहसील में तो कर्मचारियों को निलंबित कर दिया लेकीन जनपद पंचायत देपालपुर पर सिद्धार्थ जैन की मेहरबानी बनी हुई है। देपालपुर जनपद में बेठे एम एल वर्मा को नोटिस जारी नही किया गया है। और जिला पंचायत सीईओ द्वारा जांच टीम भी गठित नही गई है। लेकिन सिद्धार्थ जैन की कृपा देपालपुर जनपद पंचायत में बरसती हुई दिखाई दे रही है।

एक तरफ सिद्धार्थ जैन ने मंत्री तुलसी सिलावट के विधानसभा में कार्यवाही करके अपनी ताकत दिखा दी लेकीन दूसरी तरफ जिला पंचायत सीईओ जैन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए आख़िर क्या वजह है जनपद पंचायत देपालपुर में कार्यवाही करने से भागते नज़र आ रहे है आज भी अधिकारी कर्मचारी जनपद में समय से नही आ रहे है।

इससे ये प्रतीत होता है की सीईओ सिद्धार्थ जैन ने एक जिले में दो कानून बना दिए है अब देखना ये होगा की किस प्रकार से लेते है और क्या कार्यवाही करते है।

पुर्व में भी हमारे प्रतिनिधि ने जिला पंचायत सीईओ से इस विषय पर चर्चा की थी लेकीन उन्होने जनपद के अधिकारियो को बचाने के उद्देश से गोलमोल जवाब दिया था में दिखवाता हू जांच करवाता हूं लेकीन अबतक सभी बाते हवा हवाई साबित हुई।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान को नगर परिषद के अधिकारियों ने लगाया पलीता

## लाखों रूपए के होते हुए बर्बाद

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**देपालपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर प्रदेश के मुखिया डॉक्टर मोहन यादव से लेकर पूरा प्रशासन एक पेड़ मां के नाम लगाने के लिए रात दिन बारिश के पानी मे पूरा प्रशासन लगा रहा लेकिन हद तो तब हो गई जब स्थानीय नगर परिषद के सीएमओ बहादुर सिंह रघुवंशी की कुंभकर्णी नींद नहीं खुलने एवं निष्क्रियता के चलते शासन द्वारा लाखों रुपए की लागत के लगभग 10000 पौधे विभिन्न किस्म के नगर परिषद को नगर पंचायत क्षेत्र में पर्यावरण सुधारने हेतु वृक्षारोपण करने के लिए कहा गया था लेकिन मात्र 1000 पौधे विभिन्न स्थानों पर केवल दिखावा करते हुए नगर के नागरिकों की जन भागीदारी के बिना हीवृक्षारोपण का कोई बड़ा कार्यक्रम आयोजित नहीं करते हुए केवल सोशल मीडिया पर फोटो चलाकर इतिश्री कर ली केवल 10% पौधे लगाना इनकी कार्य क्षमता एवं शासन के निर्देशों का कितनी गंभीरता से पालन



करते हुए दिखाई दे रहे हैं यदि इनका भौतिक सत्यापन किया जाए तो हकीकत सामने आ जाएगी साथ ही यदि शासन प्रशासन के अधिकारी गंभीरता से जांच की जाए तो सारा मामला सामने आ जाएगा लापरवाह अधिकारियों एवं कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही की जाना चाहिए एवं हुए नुकसान की वसूली की जानी चाहिए हद तो तब हो गई की अपनी निष्क्रियता को छुपाने के लिए उक्त पौधे बनेडिया रोड स्थित वाटर वर्क्स के पास लावारिस अवस्था में बिना देखभाल के भगवान भरोसे छोड़ दिए दबी जुबान से कहा जा रहा है कि इंदौर जिले के प्रभारी मंत्री कैलाश विजय वर्गी य की अगुवाई में किए गए अभियान को पलीता लगाने में पीछे नहीं रह रहे हैं।

# जिससे की कोर्ट मैरिज, उसे ही दहेज के लिए सताने लगा

## पत्नी को छोड़कर गांव गया तो लौटा नहीं

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर। राऊ में एक महिला ने अपने पति के खिलाफ प्रताड़ना और मारपीट-धमकाने के मामले में केस दर्ज कराया है। महिला का आरोप है कि 4 साल पहले दोनों ने पहले कोर्ट मैरिज की। फिर परिवार की मर्जी से दूसरी बार शादी रचाई।**

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक ज्योति अस्थाना निवासी नेहरू नगर की शिकायत पर उसके पति रितिक अस्थाना निवासी आगरा के खिलाफ 498-ए, 294,323 की धाराओं में केस दर्ज किया गया है। ज्योति ने बताया कि फरवरी 2020 में दोनों की जान पहचान हुई। 22 जून 2020 को दोनों ने कोर्ट में शादी कर ली। परिवार को बात पता चली तब रितिक के आगरा स्थित घर पर जाकर पारिवारिक रीति रिवाज से 10 दिसंबर 2020 में शादी रचा ली। शादी के बाद दोनों कुछ माह आगरा में रहे।

इसके बाद इंदौर आकर नेहरू नगर में रहने लगे। यहां पर एक माह तक पति का व्यवहार ठीक था। इसके बाद छोटी-मोटी बातों को लेकर कहासुनी होने लगी। कई बार वह गुस्से में आकर हाथ भी उठाने लगा। कहता था तुम्हारे मायके वालों ने दहेज नहीं दिया। इसके बाद वह बाइक मांगने को लेकर प्रताडित करने लगा। यह बात माता-पिता भाई-बहन को बताई। सभी की समझाइश के बाद भी पति के व्यवहार में कोई सुधार नहीं आया। 10 नवंबर को पति जरूर काम का कहकर गांव चले गए। करीब 10 माह बीत गए, लेकिन वे लौटे नहीं। जानकारी निकाली तो पता चला कि पति रितिक का आगरा में किसी अन्य महिला से संबंध है। इसके बाद परिवार को लेकर राऊ थाने में शिकायत की है।

# टीआई ने दृष्टिबाधित बच्चों के साथ मनाया बर्थडे

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर।** संयोगितागंज थाना प्रभारी सतीश पटेल ने अनुकरणीय कार्य करते हुए अपने वादे अनुसार दृष्टिबाधित बच्चों के साथ बर्थडे मनाया। उनकी इस पहल की वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रशंसा की। दरअसल, कुछ दिन पहले थाना टीआई को सूचना मिली थी कि 7-8 साल के दो दृष्टिबाधित बच्चे नवलखा क्षेत्र में देखे गए हैं। टीआई ने तुरंत बीट आरक्षक जयराज को मौके पर भेजा। बीट आरक्षक दोनों बच्चों को थाना लेकर आया। पूछने पर पता चला कि बच्चे हेलन केलर शिक्षा अकादमी से बगैर किसी को कुछ बताए निकले हैं। उन्होंने वार्डन श्री पाटिल को स्टॉफ के साथ थाने बुलाकर दोनों बच्चों को उनके सुपुर्द किया। इस दौरान टीआई ने बच्चों से बातकर उनकी मनः स्थिति को समझने का प्रयास किया। बच्चों के अकेलेपन को महसूस कर वादा किया कि वे अपना जन्मदिन उनके साथ उनकी स्कूल में आकर मनाएंगे। वे स्टॉफ के साथ बच्चों के स्कूल पहुंचे और धूमधाम से अपना जन्मदिन मनाया। बच्चों को फल वितरण बांटे। बच्चों ने अपने गायन की कला भी बखूबी प्रस्तुत की, जिसे पुलिस ने खूब सराहा।

# 1100 की बीयर के 500 रुपए नहीं लिए तो पब संचालक को धमकाया

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर।** विजयनगर स्थित पब में सात दिन पहले तीन युवक पहुंचे और 1100 रुपए की बीयर खरीदकर 500 रुपए दिए। जब संचालक ने पूरे पैसे देने को कहा तो विवाद करने लगे। कुछ देर बाद युवकों ने संचालक की पिटाई कर दी। फरियादी विज्ञ पाटनी निवासी जॉय बिल्डर कॉलोनी ने बताया कि सी-21 माल के सामने सदगुरू परिणय बिल्डिंग ट्रांस द पब का संचालन करते हैं। 24 जुलाई की वहां मोहसिन, विजय और राकेश आए थे। पब बंद करने का समय था लेकिन, तीनों बिना एंट्री के अंदर घुसे और बीयर खरीदी। उनसे रुपए मांगे तो तीनों गालियां देने लगे। उन्होंने कहा कि हम बाउंसर हैं। हमारा कहीं पेमेंट नहीं लगता। काफी बहस के बाद उन्होंने 5 सौ रुपए काउंटर पर रखे और चले गए। पब बंद होने के बाद जब मैं जाने लगा तो तीनों हाथापाई करने लगे। विज्ञ ने बताया कि वे पारिवारिक काम से इंदौर से बाहर चले गए थे। वहां से लौटने पर विजय नगर पुलिस को पूरा घटनाक्रम बताकर बुधवार को केस दर्ज कराया।

# ट्रैफिक पुलिस को बांटे डिजाइनर रेनकोट

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर।** बारिश में ट्रेफिक जवान बेहतर यातायात के लिए चौराहों पर तैनात रह सके। इसी ध्येय से जवानों को एयर वेंटिलेशन और रिफ्लेक्टर से लैस डिजाइन वाली रेनकोट बांटी गई। जील रेनवेयर द्वारा डिजाइन किए गए इस तरह के रेनकोट मुंबई ट्रैफिक पुलिस भी पहनती है। रेनकोट वितरण कार्यक्रम में ट्रेफिक डीसीपी अरविंद तिवारी, सुशील तिवारी एडिशनल डीसीपी ट्रैफिक जोन 1, अरविंद तिवारी एडिशनल डीसीपी ट्रैफिक जोन 2, संतोष कुमार कौल एडिशनल डीसीपी ट्रैफिक ने भी शिरकत की। जील रेनवेयर और इंदौर टॉक मीडिया नेटवर्क के डायरेक्टर मोहन पांडे ने पुलिस बल को उनकी कठिन परिस्थितियों में भी निष्ठा और समर्पण के साथ काम करने के लिए धन्यवाद दिया। इस मौके पर इंदौर टॉक के सीईओ आशीष तिवारी और सीएमओ अतुल तिवारी ने अधिकारियों का अभिनंदन किया।



# 15 अपराधों से लगे बदमाश की जमानत कराई निरस्त

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर।** एक दर्जन से अधिक अपराधों में लिप्त बदमाश की एमआईजी पुलिस ने जमानत निरस्त करा दी। जमानत निरस्त कर उसका गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। बदमाश को जेल भेजने पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए हैं। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त ने बताया कि आदतन अपराधियों की जमानत निरस्त कराने विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत थाना क्षेत्र के आदतन अपराधी रूपेश उर्फ पई पिता जगदीश वर्मा निवासी नया बसेरा के खिलाफ पुलिस ने धारा 107/21, धारा 327, 294, 323, 506 में अभियोग पत्र प्रस्तुत कर जमानत स्वीकृत की थी। जमानत पर रहते हुए आरोपी दोबारा थाना क्षेत्र में लड़ाई झगड़ा, मारपीट करने लगा। इस पर उसके खिलाफ अपराध क्रमांक 620 /2023 का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। अपराध घटित करने उपरांत न्यायालय में आरोपी की पूर्व में स्वीकृत जमानत निरस्त करने का आवेदन पुलिस ने प्रस्तुत किया था। आवेदन पर सुनवाई करते हुए न्यायालय ने आरोपी की पूर्व में स्वीकृत जमानत को निरस्त कर दिया है।

# नए कानून में साक्ष्य संकलन करने लगाई कार्यशाला

## जोन 1 में के थाना प्रभारी एवं विवेचक भी पहुंचे

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर।** गत 1 जुलाई से नई भारतीय न्यायिक सुरक्षा संहिता लागू हुई है। इसमें ऑडियो विजुअल माध्यम से साक्ष्य संकलन की अनिवार्यता होने से जोन-1 में कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में जोन के सभी थाना प्रभारियों और विवेचक को प्रशिक्षित किया गया। जोन के अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त आलोक कुमार शर्मा ने बताया कि प्रशिक्षण सत्र के प्रथम भाग में नवीन प्रावधान धारा 105 बीएनएसएस एवं 185 बीएनएसएस के तहत तलाशी-जप्ती की वीडियो रिकॉर्डिंग की मानक संचालन प्रक्रिया समझाई। इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य संकलन के दौरान चेन आफ कस्टडी फॉर्म, धारा 63 (4) के संबंध में जानकारी दी। अभिलिखित इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड की हैश वेल्यू का महत्व, निकालने की विधि तथा आईटी एक्ट की प्रासंगिक धाराओं की जानकारी दी गई। जोन1 सायबर सेल द्वारा तलाशी जप्ती के नवीन तकनीक, जीरो टायर वन तथा सिंकिंग एप के माध्यम से लाइव रिकॉर्डिंग की तकनीक की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण से जोन के थानों के स्टाफ की कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। नवीन तकनीकी का प्रयोग व्यवस्था के पारदर्शी व जवाबदेह बनाने में हो सकेगा।

# एमपी की नागद्वारी यात्रा अमरनाथ जैसी कठिन

## 7 पहाड़ चढ़कर पहुंचते हैं मंदिर, साल में सिर्फ 10 दिन खुलता है रास्ता

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मध्यप्रदेश में नागद्वारी यात्रा आज से शुरू हो गई। पचमढ़ी के पहाड़ों की गुफाओं के बीच स्थित नागद्वारी मंदिर को एमपी का अमरनाथ भी कहते हैं। नागद्वारी यात्रा कर रहे श्रद्धालुओं को अमरनाथ यात्रा की तरह ही पहाड़ चढ़कर दुर्गम रास्तों से गुजरना होता है। पहले दिन गुरुवार को 15 हजार से अधिक लोग इस यात्रा पर पहुंचे हैं।**

नागद्वारी मंदिर सावन महीने में सिर्फ 10 दिन खुलता है। इसे भगवान शिव का दूसरा घर भी कहते हैं। यहां 1 से 10 अगस्त तक मेला लगेगा। यहां मध्यप्रदेश समेत छत्तीसगढ़, राजस्थान, गुजरात और महाराष्ट्र से श्रद्धालु आते हैं। इस साल 5 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है। महाराष्ट्र से कई सेवा मंडल यहां पहुंच चुके हैं। श्रद्धालुओं के लिए नागफनी और कालाझाड़ में पेयजल की व्यवस्था की गई है।



### नागफनी से शुरू होती है नागद्वारी यात्रा

नागद्वारी यात्रा की शुरूआत नागफनी से होती है। ये यात्रा करीब 15 किलोमीटर की है। इस दौरान सात पहाड़ चढ़ने होते हैं। इनमें ऊंचे-नीचे सपार्कार पगडंडियों और सीढ़ियों की मदद से मंदिर तक पहुंचना होता है। रास्ते में भगवान शिव के जयकारे गूंजते रहते हैं।

### एक चूक और गए गहरी खाई में

यात्रा के रास्ते इतने दुर्गम हैं कि हर पल डर बना रहता है। कदम जरा भी डगमगाए तो सीधे गहरी खाई में गिरेंगे। हर कदम बहुत संभलकर रखना होता है। बारिश से फिसलन हो जाती है, ऐसे में ढलान में यह खतरा और बढ़ जाता है। बड़ी-बड़ी चट्टानों से गुजरना होता है। कई बार तो बहते पानी को भी पार करना होता है।

### नागफनी तक जिप्सी का किराया 50 रुपए

नागफनी से नागद्वारी की पैदल यात्रा शुरू होती है। पचमढ़ी बस स्टैंड से जलगली तक पहुंचने के लिए जिप्सी जाती है। श्रद्धालु चाहे तो जिप्सी से जलगली तक जा सकते है। जलगली से नागफनी तक पैदल की जाना पड़ेगा। महादेव मेला समिति ने 50 रुपए प्रति श्रद्धालु जिप्सी का किराया तय किया है। 50 रुपए से ज्यादा किराया अगर जिप्सी चालक लेते हैं तो उनकी शिकायत संबंधित मेला कार्यालय में कर सकते हैं।

### टाइगर रिजर्व कोर क्षेत्र में आता है नागद्वारी

नागद्वारी गुफा मार्ग सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के कोर क्षेत्र में आता है। इस कारण यहां प्रवेश वर्जित होता है। रिजर्व फॉरेस्ट प्रबंधन यहां जाने वाले रास्ते का गेट बंद कर देता है। साल में सिर्फ एक बार ही 10-11 दिन नागद्वारी यात्रा के लिए इस रास्ते को खोला जाता है।

### सुरक्षा के लिए 1000 से ज्यादा जवान तैनात

कमिश्नर केजी तिवारी ने बताया, 21 जुलाई को धूपगढ़ मार्ग पर लैंड स्लाइड हुई थी, जिसकी मरम्मत की जा रही है। वाटरप्रूफ टेंट की व्यवस्था की गई है। लैंड स्लाइड की स्थिति में मरम्मत के लिए अधिकारी तैनात किए गए हैं। मेला प्रभारी और एसडीएम संतोष तिवारी ने बताया, ह्यमेले में एसडीओपी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार और राजस्व विभाग के आरआई, पटवारियों के साथ ही जिला प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहेंगे। इसके साथ ही करीब 700 पुलिस बल, 130 होमगार्ड, 50 आपदा मित्र, 12 एसडीईआरएफ के जवान समेत 1000 कर्मचारी तैनात किए गए हैं।

# बेटे ने बिस्तर पर पेशाब किया, सौतेली मां ने दागा

## बोली- जितना रोएगा, उतना जलाऊंगी; दादी ने दर्ज कराई एफआईआर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**गुना, (एजेंसी)।** गुना में सौतेली मां ने 5 साल के बच्चे को गरम पलटे (पराठा पलटने वाला चम्मच) से दाग दिया। मासूम की गलती सिर्फ इतनी थी कि उसने नींद में बिस्तर पर पेशाब कर दिया था। इससे गुस्साई महिला ने बच्चे की कलाई, कूल्हे और प्राइवेट पार्ट पर दागा। दादी की शिकायत पर पुलिस ने महिला के खिलाफ एफआईआर की है। मामला चांचौड़ा के बरबटपुरा का है। रईसा बानो (44) ने बताया कि बुधवार सुबह 6 बजे नाती तौफीक शाह के चीखने पर वे कमरे में पहुंचीं। देखा कि बहू रजिया बानो उसे यह कहते हुए दाग रही थी कि जितना रोएगा, उतना ज्यादा जलाऊंगी।

रईसा ने बताया, बेटा बिट्टू शाह परिवार के साथ घर के पास ही दूसरे मकान में रहता है। तौफीक पहली बहू का बेटा है। पहली बहू की 2021 में कोरोना से मौत हो गई थी। बेटे ने रजिया से दूसरी शादी कर ली। दोनों को एक बच्चा है। बुधवार सुबह बिट्टू पानी भरने चला गया। घर में दोनों बच्चे और रजिया थे, तभी तौफीक के चीखने की आवाज पर बेटा और मैं दौड़ते हुए पहुंचे। हमने तौफीक को बचाया, इसके बाद उसे बीनागंज के सरकारी अस्पताल लेकर भागे। यहां डॉक्टर ने कहा- पहले थाने में बात कराओ, तब इलाज करेंगे। दीवान जी से बात कराई, तब डॉक्टर ने इलाज किया। अस्पताल से एक पर्चा मिला। इसे लेकर थाने पहुंचे और केस कराया।

### डॉक्टर की रिपोर्ट का इंतजार

चांचौड़ा थाना प्रभारी ळक मचल सिंह मंडलीय ने बताया कि अभी जमानती धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। डॉक्टर की रिपोर्ट का इंतजार है। इसमें अगर आता है कि गंभीर चोट है, तो फिर गैर जमानती धाराओं का इजाफा किया जाएगा। इसके बाद आगे की कार्रवाई करेंगे।

# बस ने कार को टक्कर मारी, 4 दोस्तों की मौत

## बर्थडे सेलिब्रेट करने निकले थे, जिसका जन्मदिन उसकी भी गई जान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**कटनी, (एजेंसी)।** कटनी में बर्थडे सेलिब्रेट करने निकले चार दोस्तों की सड़क हादसे में मौत हो गई। तेज रफ्तार बस ने उनकी कार को टक्कर मार दी। चारों गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। चारों मृतकों में से एक का जन्मदिन था। हादसा गुरुवार शाम करीब 5.30 बजे सुर्खी मोड़ पर हुआ। कार सवार कटनी से उमरिया के ओर जा रहे थे। मृतकों में जुहली गांव के रहने वाले गौरव पिता घनश्याम दुबे (28), प्रियांशु पिता देव कुमार दुबे (17), रोहित पिता रामसजीवन दुबे और गायत्री नगर निवासी अतुल पिता ओमप्रकाश मिश्रा (30) शामिल हैं। हादसे के बाद बस ड्राइवर मौक से फरार हो गया। पुलिस ने बस को जब्त कर लिया है। बस में सवार दो यात्रियों को मामूली चोटें आईं हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही हैं।

# शाहजहां की बहू के मकबरे पर वक्फ का हक नहीं

## हाईकोर्ट ने कहा- बुरहानपुर की 3 ऐतिहासिक इमारतें वक्फ बोर्ड के अधीन नहीं हो सकतीं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर, (एजेंसी)। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने बुरहानपुर की 3 ऐतिहासिक इमारतों को वक्फ बोर्ड का मानने से इनकार कर दिया है। अदालत ने गुरुवार को एक याचिका पर फैसला देते हुए कहा, ह्ये वक्फ बोर्ड की संपत्ति का हिस्सा नहीं हो सकती हैं।ह्व तीन इमारतों में से एक- शाह शुजा स्मारक मुगल बादशाह शाहजहां की बहू बेगम बिलकिस की कब्र है।**



बुरहानपुर के सैयद रजोद्दिन और सैयद लायक अली की अपील पर मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड ने 2013 में एक आदेश जारी कर इन तीनों इमारतों को अपनी संपत्ति घोषित कर दिया था। आर्कियोलॉजी सर्वे ऑफ इंडिया (एएसआई) ने 2015 में इसके खिलाफ याचिका दायर की। एएसआई ने हाईकोर्ट में बताया कि प्राचीन स्मारक संरक्षण अधिनियम 1904 के तहत इन तीनों इमारतों को प्राचीन और संरक्षित स्मारक की श्रेणी में रखा गया था। वक्फ बोर्ड इन्हें अपनी संपत्ति नहीं मान सकता।

**2015 में मिला था आदेश पर स्टे-** हाईकोर्ट के जस्टिस जीएस अहलूवालिया ने गुरुवार को सुनवाई करते हुए वक्फ बोर्ड के आदेश को रद्द कर दिया। उन्होंने कहा, ह्यशाह शुजा स्मारक, नादिर शाह का मकबरा और किले में स्थित बीवी साहब की मस्जिद प्राचीन और संरक्षित इमारत हैं। तीनों इमारत वक्फ बोर्ड अपने अधीन नहीं कर सकता।ह्व 2015 में जब हाईकोर्ट में याचिका लगाई गई थी, तब वक्फ बोर्ड के आदेश पर एएसआई को स्टे मिला था।

**वक्फ बोर्ड ने एएसआई को पजेशन छोड़ने के आदेश दिए थे-** अधिवक्ता कौशलेंद्र पेठीया ने बताया, ह्य2013 में एमपी वक्फ बोर्ड ने एएसआई को आदेश दिया कि आप अपना पजेशन इमारतों से खत्म करिए। पजेशन सैयद रजोद्दिन और सैयद लायक अली को दे दीजिए। इस ऑर्डर को रिट पिटीशन में चुनौती दी गई। तब जस्टिस आरएस झा ने इस ऑर्डर पर स्टे दिया। अब जस्टिस जीएस अहलूवालिया फैसला दिया है।

# ताने मारे तो किया भाभी और दो भतीजियों का मर्डर

## पीडब्ल्यूडी कर्मचारी ने दो को हंसिये से काटा, छोटी भतीजी पर पत्थर पटका था

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सागर, (एजेंसी)।** सागर के नेपाल पैलेस में महिला और दो बेटियों का कातिल उसका देवर ही निकला है। ताना मारने पर उसने भाभी, भतीजियों की हत्या की थी। पहले भाभी को हंसिये से मारा। बचाने आई बड़ी भतीजी पर भी हंसिया लेकर टूट पड़ा और 7 से 8 वार किए। दोनों की हत्या करने के बाद वह किचन से बेडरूम में पहुंचा और रो रही छोटी भतीजी पर पत्थर पटककर उसको मार डाला।

आरोपी ने खून लगे कपड़े और हंसिया बाथरूम में जाकर बाल्टी में रख दिया। फिर बड़े भाई के कपड़े पहनकर हत्याकांड को लूट दिखाने के लिए अलमारी में रखे गहने और कैश लेकर भाग निकला। आरोपी पीडब्लूडी कर्मचारी है। पुलिस ने गहने बेचने में आरोपी का साथ देने वाले दोस्त को भी गिरफ्तार किया है।

सागर में सिविल लाइन के नेपाल पैलेस इलाके में 30 जुलाई की रात वंदना पटेल (35), बड़ी बेटी अवंतिका (7) और छोटी बेटी अन्विका पटेल (3) के शव मिले थे। मां, बड़ी बेटी के शव किचन में पड़े थे तो छोटी बेटी का शव बेडरूम में मिला था। पुलिस ने गुरुवार को मामले का खुलासा करते हुए आरोपी देवर प्रवेश पटेल (30) और उसके दोस्त प्रकाश पटेल (27) को अरेस्ट किया है। प्रवेश दमोह में पीडब्लूडी में नौकरी करता है और दमोह के सरखड़ी में रहता है। प्रकाश सागर के ही अहमदनगर का रहने वाला है। प्रभारी एसपी डॉ. संजीव उईके के मुताबिक, प्रवेश के पास से बड़े भाई विशेष की टी-शर्ट, लोअर, डोरमेट, हंसिया, पत्थर का बट्टा, सोने का हार, चांदी की 4 चूड़ियां, 10 हजार रुपए कैश और स्कूटी जब्त की गई है। प्रकाश हत्याकांड में सीधे तौर पर शामिल नहीं था, उसने गहने बेचने में मदद की थी।

**भाभी ने कहा था- तुम्हारे कारण हम लोग आगे नहीं बढ़ पा रहे-** प्रवेश ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि 30 जुलाई की शाम 5 बजे वह बड़े भाई विशेष पटेल के घर पहुंचा। भाभी और दो भतीजियां ही घर पर थे। भाई ड्यूटी से लौटे नहीं थे। उसने पैसों की डिमांड की। इस पर भाभी ने कहा- तुम्हारे कारण हम लोग आगे नहीं बढ़ पा रहे हैं। आए दिन भाई से पैसे लेते रहते हो। गुस्से में आकर प्रवेश ने भाभी को धक्का मारा। वह दीवार से टकरा गई। प्रवेश ने किचन में ही रखा हंसिया उठाया और 5 वार किए। मां को बचाने आई अवंतिका पर 7 से 8 वार किए। बेडरूम में जाकर अन्विका पर पत्थर का बट्टा पटककर उसे भी मार डाला।

**कपड़े बदले, पत्थर दूसरे कमरे में छिपाया-** भाभी-भतीजियों की हत्या के बाद प्रवेश ने खून लगे कपड़े और हंसिया बाथरूम में जाकर पानी से भरी बाल्टी में डाल दिया। खून के धब्बे साफ करने की कोशिश की। खून लगा पत्थर दूसरे कमरे में ले जाकर छिपा दिया। इसके बाद बड़े भाई विशेष के कपड़े पहने।

## संपादकीय

# जलभराव सरकार की खोल रही पोल

बरसात अब हर वर्ष कुछ नई चुनौतियां लेकर आने लगी है। इस बार अनेक शहरों में जल भराव की वजह से जिस तरह व्यवस्थाओं की पोल खुली, वह आने वाले वर्षों के लिए बड़ी चिंता का संकेत है। उत्तर प्रदेश की विधानसभा में पानी भर गया। दिल्ली में एक कोचिंग केंद्र के तलघर में इतनी तेजी से पानी भर गया कि तीन विद्यार्थी उसमें डूब कर मर गए। जलनिकासी की व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न इस वर्ष बरसात शुरू होने के साथ ही लगने शुरू हो गए। सबसे अधिक किरकिरी तो अयोध्या में बने नए मंदिर और दूसरी इमारतों को लेकर हुई। पहली ही बारिश में वहां की सड़कें धंस गई, शहर में जगह जगह पानी भर गया। मुंबई और पुणे में पिछले अन्य वर्षों की तुलना में इस वर्ष जलभराव से कुछ अधिक तबाही देखी जा रही है। ऐसा नहीं माना जा सकता कि नगर निकाय और दूसरे संबंधित महकमे जलभराव की समस्या और जल निकासी के रास्तों में आने वाली अड़चनों से अनजान हैं। मगर इस समस्या के समाधान को लेकर उनमें संजीदगी नजर नहीं आती। एक तथ्य तो उजागर है कि ज्यादातर शहरों में जल निकासी का प्रबंध काफी पुराना पड़ चुका है। उनकी न तो समय पर समुचित सफाई हो पाती है और न टूट-फूट की मरम्मत। इसके अलावा, जल निकासी के रास्तों के आसपास बिजली, टेलीफोन आदि के तारों या फिर पेयजल के पाइपों की मरम्मत के लिए खुदाई होती रहती है। सड़कों की मरम्मत के समय भी जल निकासी के रास्तों का ध्यान नहीं रखा जाता। इस तरह उन मार्गों में टूट-फूट होती रहती है, उनमें ठोस मलबा भरने से जल निकासी अवरुद्ध होती है। नतीजा, सामान्य से अधिक बारिश होते ही सड़कें और मुहल्ले जलमग्न हो जाते हैं। बरसात के पानी का संचय करने का प्रस्ताव पुराना है, मगर उस तरफ भी ध्यान नहीं दिया जाता। अगर जगह-जगह बरसाती पानी को जमीन के अंदर भेजने का प्रबंध कर दिया जाए, तो इससे जलभराव की समस्या तो कुछ कम होगी ही, भूजल का स्तर भी सुधरेगा। मगर जब नालों और नालियों की सफाई में गंभीरता नहीं दिखती, तो वर्षा जल संचय की योजनाओं को लेकर कितनी उम्मीद की जा सकती है।

**अर्ज किया है..!**

*मैं कि हर चंद*
*ख़ानानशीं*
*अंजुमन अंजुमन,*
*सुख़न मेरा*

**OSHO कहिन**

## भय हमेशा भविष्य के लिए होता है, भय कभी वर्तमान में नहीं होता।



**महिला जगत**

# कौन हैं साधना सक्सेना नायर जो बनीं सेना में चिकित्सा सेवा महानिदेशक

लेफ्टिनेंट जनरल साधना सक्सेना नायर चिकित्सा सेवा (सेना) के महानिदेशक का पद संभालेंगी। इस पद पर नियुक्त होने वाली वह पहली महिला हैं। साधना ने सशस्त्र बल मेडिकल कॉलेज, पुणे से स्नातक की उपाधि प्राप्त की है। साधना सक्सेना नायर दिसंबर 1985 में वायुसेना में शामिल हुई थीं। साथ ही उनका परिवार सेना में सात दशकों से कार्यरत होते हुए देश की सेवा कर रहा है। आइए जानते हैं साधना सक्सेना नायर की शिक्षा, सेना में उनकी सेवा और उपलब्धियों के बारे में।



### कौन हैं साधना सक्सेना नायर?

लेफ्टिनेंट जनरल साधना सक्सेना नायर देश की पहली महिला डीजी चिकित्सा सेवा (सेना) नियुक्त हुई हैं। वह एक अगस्त 2024 से महानिदेशक चिकित्सा सेवा (सेना) का पदभार संभाल रही हैं। इसके पहले भी उनके नाम कई क्षेत्रों में पहली महिला होने का रिकॉर्ड दर्ज है।

### वायुसेना के एकमात्र एयर मार्शल दंपत्ति

साधना सक्सेना नायर के पति का नाम के.पी.नायर है जो कि सेवानिवृत्त एयर मार्शल हैं। नायर दंपत्ति भारतीय वायुसेना के पहले और अब तक के एकमात्र एयर मार्शल दंपत्ति हैं।

### सेना में शामिल परिवार की तीन पीढ़ियां

साधना सक्सेना के परिवार की तीन पीढ़ियां भारतीय वायुसेना से जुड़ी हुई हैं, जो पिछले सात दशकों से सेना में अपनी सेवा दे रहे हैं।

### साधना सक्सेना की शिक्षा

उन्होंने पुणे स्थित सशस्त्र बल चिकित्सा महाविद्यालय से एमबीबीएस की डिग्री हासिल की। दिसंबर 1985 में सेना चिकित्सा कोर में कमीशन मिला। उनके पास फैमिली मेडिसिन में पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री भी है। साधना सक्सेना ने एम्स नई दिल्ली से चिकित्सा सूचना विज्ञान में दो साल का ट्रेनिंग पूरी की।

### विदेश में चिकित्सा सेवा पर काम

विदेश में सीबीआरएम (केमिकल, बायोलॉजिकल, रेडियोलॉजिकल एंड न्यूक्लियर) वारफेयर और मिलिट्री मेडिकल एथिक्स में ट्रेनिंग ली।

### साधना सक्सेना नायर की उपलब्धियां

उनके नाम पश्चिमी वायु कमान और प्रशिक्षण कमान की पहली और एकमात्र महिला प्रधान चिकित्सा अधिकारी होने का गौरव प्राप्त हैं। साधना सक्सेना को राष्ट्रपति द्वारा विशिष्ट सेवा पदक से नवाजा जा चुका है। साधना सक्सेना नायर एयर मार्शल बनने वाली दूसरी महिला अधिकारी हैं। इसके पहले एयर मार्शल पद्मा बंदोपाध्याय इस पद पर रही थीं।

New Delhi

# शिमला, मंडी-कुल्लू में बादल फटने से 7 की मौत, 50 लापता, लाहौल स्पीति में भूकंप के झटके... हिमाचल में कुदरत का कहर

**नई दिल्ली, (एजेंसी) हिमाचल में बादल फटने के साथ मौत का सैलाब आया है. शिमला, मंडी और कूल्लू, तीन जगहों पर बादल फटने से सात लोगों की मौत हो गई. हादसे में अब तक 50 लोग लापता हैं. बादल फटने के बाद लैंडस्लाइड की वजह से कई सड़के बंद है जिसकी वजह से रेस्क्यू टीम के लिए मौके पर पहुंचना बड़ी चुनौती है. भारी बारिश, बादल फटने और भूस्खलन जैसी प्राकृतिक आपदा से जूझ रहे हिमाचल प्रदेश में अब भूकंप के झटके लगे हैं.**



राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिक, शुक्रवार को हिमाचल प्रदेश के लाहौल स्पीति में भूकंप के झटके महसूस किए. रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 3.2 की रही. हालांकि इसमें किसी तरह के जानमाल का नुकसान नहीं हुआ है.

शिमला के पास रामपुर में जब बादल फटे थे तब लोग नींद में थे. राज्य आपात अभियान केंद्र ने बताया कि कुल्लू के निरमंड, सैंज और मलाना इलाकों, मंडी के पधर और शिमला जिले के रामपुर में बादल फट गया. शिमला के पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार गांधी के मुताबिक, बुधवार रात श्रीखंड महादेव के पास बादल फटने से सरपारा, गानवी और कुर्बन नालों में अचानक बाढ़ आ गई, जिसके परिणामस्वरूप शिमला में रामपुर उपमंडल के समेज खुड (नाला) में जलस्तर बढ़ने से दो लोगों की मौत हो गयी तथा 36 अन्य लापता हो गए.

New Delhi

## आरक्षण तो जनरल बोगी जैसा हो गया कि हम आ गए और दूसरे को नहीं आने देना: SC जज



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** अनुसूचित जाति और जनजाति के आरक्षण में उप-वर्गीकरण पर सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को ऐतिहासिक फैसला दिया। शीर्ष अदालत की 7 जजों की बेंच ने साफ कहा कि एससी और एसटी कोटे में भी वर्गीकरण होना चाहिए क्योंकि यह एकरूपता वाला समाज नहीं है। इसमें शामिल जातियों की भी अलग-अलग समस्याएं और उन्हें जिस भेदभाव का सामना करना पड़ता है। उसकी प्रकृति में भी अंतर है। यही नहीं बेंच में शामिल 7 में से 4 जजों ने एससी और एसटी कोटे में भी क्रीमी लेयर की वकालत की। उन्होंने कहा कि आरक्षण एक पीढ़ी के लिए ही होना चाहिए। एक बार यदि किसी को आरक्षण का लाभ लेकर नौकरी मिल जाती है तो वह जनरल कैटिगरी के स्तर पर आ जाता है।

ऐसे में आरक्षण का लाभ पाने वाले लोगों की दूसरी पीढ़ी को क्रीमी लेयर के दायरे में लाना चाहिए। बेंच में शामिल एकमात्र दलित जज जस्टिस बीआर गवई ने कहा आरक्षण का सही उद्देश्य है कि देश में समानता को समझा जाए। असमानता वाले समूह में आखिर कैसे सबको एकसमान माना जाता है। इस दलील के आधार पर बेंच ने कहा कि एससी और एसटी में भी क्रीमी लेयर को लागू करना चाहिए। जस्टिस गवई ने कहा, 'सरकार को क्रीमी लेयर की पहचान करने के लिए कोई नीति बनानी चाहिए और लाभ पा चुके लोगों को उससे बाहर करना चाहिए।

Uttarpradesh

## 'पत्नी को मार दो तभी साथ रहूंगी' प्रेमिका के कहने पर कर दी मीरा की हत्या पति ने कबूला जुर्म, तीन गिरफ्तार

**बरेली, (एजेंसी)** बदायूं जिले के गांव वृंदावन में 30 जुलाई की सुबह मीरा का शव खेत में मिला था। गला घोंटकर उसकी हत्या की गई थी। वृंदावन में मीरा का मायका है। उसका पति दो दिन पहले ही उसे यहां छोड़कर गया था। फिर वापस आकर मीरा को मिलने के लिए बुलाया और दोस्त संग मिलकर उसकी हत्या कर दी थी। बदायूं के बिनावर के गांव वृंदावन में मीरा (25) की हत्या उसके पति ने ही की थी। उसके पति आकाश के अपने गांव की महिला पूजा से प्रेम संबंध थे। प्रेमिका के कहने पर ही आकाश ने पत्नी को मौत के घाट उतारा था। करीब सात-आठ माह पहले पूजा का पति भी अचानक गायब हो गया था। 15 दिन बाद गांव के पास ही एक शव मिला था। परिवार के लोगों ने कपड़े आदि से उसकी पहचान की थी, लेकिन पूजा ने पति का शव न होने की बात कहकर पुलिस को गुमराह कर दिया था। उसकी गुमशुदगी आज तक बिसौली थाने में दर्ज है। हत्या से पहले पूजा ने आकाश से कहा था कि वह मीरा को रास्ते से हटा दे। तभी वह उसके साथ रहेगी। उसके बाद से ही आकाश ने षड्यंत्र रचना शुरू कर दिया था।

New Delhi

## गांजा, चरस तक ठीक, लेकिन हेरोइन... महिला पर क्यों कड़क हुआ सुप्रीम कोर्ट; जमानत देने से इनकार

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** सुप्रीम कोर्ट ने हेरोइन रखने की आरोपी महिला को जमानत देने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि वह एनडीपीएस केसेज में गांजा और चरस तक तो जमानत दे सकती है। लेकिन हेरोइन के मामले में वह ऐसा बिल्कुल भी नहीं करेगी। कोर्ट के इसके पीछे की वजह भी स्पष्ट की और कहा कि यह ऐसा नशा है जो सब खत्म कर देता है। युवा पीढ़ी पूरी तरह से बर्बाद हो जाती है। जस्टिस सीटी रविकुमार और संजय करोल की बेंच ने सुनवाई करते हुए कहा कि जब भी गांजा या चरस से जुड़े मामले होते हैं तो हम जमानत के पक्षधर होते हैं। लेकिन हेरोइन के मामले में हम ऐसा ऐसा नहीं कर सकते हैं। हमें इसको लेकर सख्त रवैया अपनाना ही होगा।

मामला 61 साल की महिला से जुड़ा है, जिसके ऊपर 500 ग्राम हेरोइन रखने का आरोप है। महिला उसी कार में यात्रा कर रही थी, जिसमें प्रतिबंधित पदार्थ पाया गया था। पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट ने इस मामले में आरोपी को जमानत देने से इनकार कर दिया था। इसके बाद यह मामला शीर्ष अदालत तक पहुंचा था। यहां पर महिला आरोपी की तरफ से पेश वकील ने उसकी उम्र का हवाला देते हुए जमानत मांगी थी। इसके साथ ही उन्होंने दलील दी कि महिला के पास से कुछ भी नहीं मिला था। इसके बाद जस्टिस रविकुमार ने वकील को याद दिलाया कि महिला के ऊपर 500 ग्राम हेरोइन लेकर चलने का आरोप है।

खेल

# लिंग जांच में अयोग्य मुक्केबाज का पंच पड़ने के बाद हटी कैरिनी, बोलीं- इतनी जोर से मारा..

**पेरिस, (एजेंसी)** अल्जीरिया की विवादास्पद मुक्केबाज इमाने खलीफ प्रतिद्वंद्वी इटली एंजेला कैरिनी के मुकाबले के महज 46 सेकंड बाद हटने से पेरिस ओलंपिक का पहले दौर का मुकाबला जीत गईं। खलीफ को 2023 विश्व चैंपियनशिप में लिंग जांच में विफल होने के बाद जैविक रूप से पुरुष बताते हुए अयोग्य कर दिया गया था जिसके बाद से पेरिस में उनकी मौजूदगी चर्चा बनी हुई है।




### कैरिनी को सताया नाक की हड्डी टूटने का डर

कैरिनी ने नाक पर तगड़ा पंच पड़ने के बाद हाथ उठाकर मुकाबले से हटने का इशारा किया। ओलंपिक जैसे मंच पर अमूमन कोई मुक्केबाज इस तरह नहीं हटता है। कैरिनी की नाक से हल्का खून भी निकला। एंजेला घुटनों के बल बैठ गई और खलीफ से हाथ मिलाने से भी मना कर दिया। बाद में कैरिनी ने कहा कि मुझे कभी इतना तगड़ा पंच नहीं लगा। बहुत दर्द हो रहा है, डर है कि कहीं नाक की हड्डी न टूट गई हो। हालांकि मैंने अभी जांच नहीं कराई है।

**अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने क्यों दी अनुमति**? इमाने खलीफ ने 2022 में विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक जीता था। उन्हें पिछले साल दिल्ली में हुई विश्व चैंपियनशिप के फाइनल से यह कहकर रोक दिया गया था कि उनके टेस्ट में पुरुष हार्मोन ज्यादा हैं। केवल इमाने ही नहीं अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ ने ताइवान की 28 साल लिन यू टिंग का भी इसी आधार पर पदक छीन लिया था। लिन भी पेरिस में 57 भारवर्ग में खेल रही हैं। दरअसल अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने दोनों को यह कहकर मान्यता दी है कि वह पासपोर्ट में महिला के रूप में दर्ज हैं, इसलिए वह महिला मुक्केबाजी में खेलने के योग्य हैं।

सिनेमा

## कंगना रनौत बोलीं- मुझे होमोसेक्शुअल लोग पसंद हैं, इसमें एक पार्टनर मेल का रोल प्ले करता है और...



कंगना रनौत पेरिस ओलिंपिक्स में हुए महिला-'पुरुष' बॉक्सिंग मैच विवाद पर काफी नाराज हैं। उन्होंने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर कुछ पोस्ट लिखे हैं। उनका कहना है कि वह होमोसेक्शुअल लोगों को पसंद करती हैं। वे लोग जैसे हैं वैसे रह सकते हैं उन्हें खुद को बदलने की जरूरत नहीं है। कंगना ने यह भी लिखा कि उनके कई दोस्त होमोसेक्शुअल हैं और वे जैसे हैं वैसे ही नाम कमा रहे हैं। कंगना ने अपनी इंस्टा स्टोरी पर लिखा है, तो बेसिकली वोक रिलेशनशिप (होमोसेक्शुअल रिलेशनशिप) होने के लिए एक पार्टनर को फीमेल रोल और दूसरे को मेल रोल प्ले करना जरूरी है। वे वही मेल-फीमेल का रोल निभाना पसंद करते हैं साथ ही सामान्य महिला को मसक्युलिन बनना और पुरुष को फेमनिजम के नाम पर जनाना बनना... अजीब है!! ईमानदारी से कहूं तो मुझे होमोसेक्शुअल लोग पसंद हैं। मेरे कुछ करीबी दोस्त होमोसेक्शुअल हैं और वे बेहद टैलेंटेड और बहुत काबिल हैं। इसलिए मुझे नहीं लगता कि उन्हें दूसरे स्वीकारें इसके लिए किसी की नकल करने की जरूरत है। कंगना आगे लिखती हैं, उन्हें महिला या पुरुष की नकली कॉपी बनने की जरूरत नहीं। वे बेहद काबिल हैं, उन्हें वैसे ही सामने आना चाहिए जैसा ईश्वर ने उन्हें बनाया है। उन्हें अपने असली रूप से मुंह नहीं मोड़ना चाहिए, उन्हें खुद को स्वीकारना चाहिए।

## Highlights

1. **90% coaching centres will be shut in 10 yrs: Super 30's Anand after IAS aspirants' deaths**
2. **Man buried alive by 4 men in Agra, saved after dogs dig him up**
3. **If there were no Muslims, BJP wouldn't have opened an account: Jawed**
4. **Delhi's Summer Fields School gets bomb threat, students evacuated**
5. **No systemic breach, leak limited to Patna & Hazaribagh: SC on NEET-UG paper leak case**

# Intel lays off 15,000 employees. CEO says 'painful but more tough days ahead'




**NEW DEIHI, (Agency).** Intel CEO Pat Gelsinger informed employees that the company is cutting jobs in order to save money and reduce costs. In a memo to all employees, Pat Gelsinger revealed that the company plans to deliver $10 billion in savings by 2025 owing to which 15% of the total workforce is being reduced. Intel will announce a enhanced retirement offering for eligible employees and offer an application program for voluntary departures next week.

He said, "This is painful news for me to share. I know it will be even more difficult for you to read. This is an incredibly hard day for Intel as we are making some of the most consequential changes in our company's history."

Intel's costs are too high, margins too low, he said, asserting, "We need bolder actions to address both – particularly given our financial results and outlook for the second half of 2024, which is tougher than previously expected."

Explaining to employees, Pat Gelsinger said, "These decisions have challenged me to my core, and this is the hardest thing I've done in my career. My pledge to you is that we will prioritise a culture of honesty, transparency and respect in the weeks and months to come."

He further said, "I believe that how we implement these changes is just as important as the changes themselves, and we will adhere to Intel values throughout this process."

Warning employees of more tough days ahead, he said, "But as difficult as all of this is, we are making the changes necessary to build on our progress and usher in a new era of growth," he said.

# Stock market crash: Investors lose ₹4 lakh crore after Sensex falls 800 points

**NEW DEIHI, (Agency).** Sensex and Nifty opened lower today (August 2) dragged down by banking, auto, IT, and energy stocks after a sell-off on Wall Street amid concerns over US economy and a decline in Asian markets. The BSE Sensex was trading 814 points lower at 81,026 while Nifty50 was down 282 points at 24,728. Market capitalization of all listed companies on the BSE declined by ₹4.26 lakh crore.

All the major sectoral indices logged losses as Nifty Metal and PSU Bank fell the most over 2% while Nifty Smallcap100 and Nifty Midcap100 dropped more than 1% each.

The Indian stock market followed correction in US markets after US stocks tumbled due to weak manufacturing data which raised doubts about the US economy even though there were hopes of interest rate cuts by Federal Reserve. The Dow Jones Industrial Average fell 1.57% to 40,200, S&P 500 lost 1.76% to 5,424 and Nasdaq Composite lost 2.76% to 17,114.

**What is going in Asian markets?** Asian markets fell after weaker-than-expected US factory data. MSCI's broadest index of Asia-Pacific shares outside Japan slumped 0.8%. Japan's Nikkei was headed for its worst day in over four years.

**Are oil prices rising?** Oil prices rose amid concerns over potential supply disruptions in the key Middle East production region. Brent crude futures gained 62 cents, or 0.75% while US West Texas Intermediate crude futures rose 61 cents, or 0.8%. Prathamesh Mallya, Angel One Ltd, said, "Crude prices are expected to remain under pressure due to weak global demand and disappointing economic data, despite ongoing supply concerns in the the Middle East."



# ट्रायल कोर्ट ने धारा 307 हटाने से किया इंकार

## अक्षय बम ने जेएमएफसी कोर्ट आदेश के खिलाफ रिवीजन लगाई थी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। लोकसभा के चुनाव के ऐनवक्त पर कांग्रेस छोड़ भाजपा में गए डॉ. अक्षय बम को बड़ा झटका लगा है। प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी की कोर्ट ने एक पुराने मामले में उनके व पिता कांति बम के खिलाफ धारा 307 बढ़ाए जाने के आदेश जारी किए थे।

इस आदेश के खिलाफ अक्षय ने अपर सत्र न्यायालय में रिवीजन दायर की थी। गुरुवार को अपर सत्र न्यायालय ने अक्षय की अर्जी खारिज कर दी। साथ ही कहा जेएमएफसी कोर्ट के फैसले में हस्तक्षेप करने का कोई कारण नहीं दिखता है। इसका मतलब यह हुआ कि अक्षय के खिलाफ हत्या के प्रयास की धारा में केस चलेगा।

आगामी सुनवाई भी 21 अगस्त को होगी। चुनाव के दौरान कांग्रेस से जब प्रत्याशी थे तब अक्षय व उनके पिता के खिलाफ 17 साल पुराने मामले में धारा 307 बढ़ाई गई थी। इस मामले में उन्हें कोर्ट में भी पेश होना था, लेकिन उन्हें हाई कोर्ट से अंतरिम राहत मिल गई थी। फिर अक्षय ने धारा 307 हटाने को लेकर रिवीजन दायर की थी। कोर्ट ने इस मामले में सुनवाई पूरी कर फैसला सुरक्षित रख लिया था। अपर सत्र न्यायाधीश विनोद कुमार शर्मा की कोर्ट के समक्ष रिवीजन पर सुनवाई हुई थी।

# ट्रेन टकराकर युवक की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट



**इंदौर**। इंदौर के पीथमपुर की निजी कंपनी में काम करने वाले कर्मचारी की हादसे में मौत हो गई। बताया जाता है कि वह अपने रिश्तेदार से मिलने इंदौर आ रहा था। राऊ के यहां ट्रेन से उतरते समय उसका पैर फिसला और वह ट्रेन की चपेट में आ गया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को जिला अस्पताल भेजा है। राऊ पुलिस के मुताबिक मृतक का नाम सतीश पुत्र सद्गुरू निवासी पीथमपुर है। वह महू इलाके से ट्रेन में बैठकर इंदौर आ रहा था। राऊ में ट्रेन से उतरने के दौरान उसका पैर फिसल गया था। परिवार के मुताबिक वह मूल रूप से उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। पीथमपुर की निजी कंपनी में नौकरी करता है। उसके अहीरखेड़ी में रिश्तेदार रहते हैं। उनसे ही मिलने यहां पहुंचा। पुलिस के मुताबिक सतीश के परिवार में भाई और अन्य लोग है। वह शादीशुदा है। मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया गया है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक